थापर यूनि के 3,000 विद्यार्थियों को मिली डिग्रीयां

THAPAR INSTITUTE
OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
(Deemed to be University)

पटियाला जागरण सिटी

Page-02, Dated 18-OCT-2025

2 दैनिक जागरण चंडीगढ़, 18 अक्टूबर, 2025 जागरण सिटी पटियाला/फतेहगढ़ सा

थापर यूनि. के 3,000 विद्यार्थियों को मिली डिग्रियां

एयर चीफ मार्शल ने कहा- अपनी सफलता को समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित करें विद्यार्थी

जागरण संवाददाता, पटियाला: थापर इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में विद्यार्थियों को डिग्री देने के लिए कन्वोकेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने छात्रों से उन्हें इस सफलता को समाज और राष्ट्र की बेहतरीन के लिए समर्पण समर्पित करने का आग्रह किया। उन्होंने छात्रों से भारतीय वायु सेना में अपने अनुभव विचार साझा करते हुए सेवा, अनुशासन और जिम्मेदारी के मूल्य पर महत्व डाला।

थापर इंस्टीट्यूट के चांसलर डा. राजीव रंजन वादेहरा ने कहा कि थापर इंस्टीट्यूट ने अनुसंधान छात्र केंद्रित शिक्षा और अत्याधुनिक तकनीक के साथ रिसर्च में मील पत्थर स्थापित किए हैं। थापर के वाइस चांसलर प्रोफेसर पदम कुमार नायर ने बताया कि तीन दिवसीय चले कन्वोकेशन प्रोग्राम में 3104 छात्रों को डिग्रियां बांटी गई जिनमें 2375 बीई/बीटेक, 32 छात्र बीड/एमबीए, 82 छात्र पीएचडी, 175 एमई/एमटेक, 53 एमएससी, 68 एमसीए, 200 एमबीए, 46 एमए साइकोलाजी, 42 बीए/ बीबीए/ बीएससी और 31 बीए/ बीबीए/ बीएससी आनर्स के स्टूडेंट्स शामिल थे।

उनके साथ चिरंजीव सिंह और ईशान अग्रवाल को बीई/बीटेक फाइनल ईयर में सबसे ज्यादा अंक लेने के लिए प्रेसिडेंट मेडल, उदित मुंजाल को सभी क्षेत्रों में बेस्ट स्टूडेंट के लिए रणबीर सिंह गोल्ड मेडल, नमनवीर को बेस्ट छात्र के लिए सरदार राम सरदार सिद्धू मेमोरियल मेडल और मिताली बंसल, अडया सिंह व अदिति को गवर्नर मेडल दिया गया। कार्यक्रम के दौरान थापर एलुमनी के साथ सुजुकी मोटर के बोर्ड मेंबर राजेश उप्पल, ओला ग्रुप से अंशुल खंडेवाल, पिंटरेस्ट की तरफ से अनिरुद्ध काल, एनआईसी दिल्ली से जसविंदर सचदेवा, ग्लोबल डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी से डायरेक्टर रितिका गुप्ता, परफ्यूज के डायरेक्टर अमनदीप गुजराल, सुजुकी मोटर्स के वाइस प्रेसिडेंट अविंदर सिंह, एआइ मंदसौर ऑटोमोबाइल के सीईओ अंकुश अरोड़ा, आइएएस राजनवीर सिंह कपूर, अदानी एनर्जी साल्यूशन की तरफ से राजन मित्तल, आइआरएस सुरभि गर्ग, पीजीआइ चंडीगढ़ के डायरेक्टर डा. विवेक लाल उपस्थित रहे।

थापर इंस्टीट्यूट में आयोजित कन्वोकेशन प्रोग्राम में छात्रों को डिग्री देते मुख्य अतिथि एयर चीफ मार्शल एपी सिंह, चांसलर डा. आरआर वादेहरा व रजिस्ट्रार डा. गुरबिंदर सिंह • सौ. थापर